# कौटिल्य एकेडमी



नमूनार्थ प्रश्नोत्तर पुस्तिका
Sample Question Answer Booklet

306666

Paper Code
GS Paper-V

11-03-2021

रोल नंबर अंतर्राष्ट्रीय अंको में लिखें – (1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 0)

| 1 | 0 | 6 | 5 | 1 | 4 |
|---|---|---|---|---|---|

रोल नंबर शब्दों में लिखें –

नाम Akanksha Garhwal

Paper Code
GS Paper-V

306666

अभ्यर्थी द्वारा सावधानीपूर्वक भरा जावें।

Roll No.

| 1 | 0 | 6 | 5 | 1 | 4 |
|---|---|---|---|---|---|

अभ्यर्थी के अनुक्रमांक एवं पहचान पत्र को प्रवेश पत्र से मिलान पश्चात् ही वीक्षक बॉक्स में हस्ताक्षर करें

वीक्षक द्वारा भरा जावे।

यदि अभ्यर्थी अनुचित साधन का उपयोग करते हुए पाया जाता है तो वीक्षक निम्नांकित गोले को काले/नीले पेन से भरे एवं तत्काल केन्द्राध्यक्ष को सूचित करें :

○

(केन्द्राध्यक्ष के हस्ताक्षर एवं सील परीक्षा भवन में)

KAUTILYA ACADEMY
INDORE

भाग – अ (Part -A)

प्रश्न 1. इस प्रश्न में 20 अतिलघुत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 20 शब्दों में देना है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 03 (तीन) अंको का है। 3x20=60

प्रश्न (1.1) देवनागरी की विशेषताएँ

पू./M = 03

प्राप्तांक

उत्तर : → सूक्ष्म से सूक्ष्म भावों की सरल अभिव्यक्ति।
→ लिपि के उच्चारण एवं लेखन में एकरूपता।
→ ध्वनि हेतु निश्चित संकेत, चिन्हों का प्रयोग।

प्रश्न (1.2) संक्षेपण की विशेषताएँ

पू./M = 03

प्राप्तांक

उत्तर : → संक्षिप्तता - आकार छोटा होना।
→ पूर्णता - मूल विचार के निहित भाव का समावेशन
→ शुद्धता - भाषा व शैली के संदर्भ में।

प्रश्न (1.3) राजस्थानी उपभाषा की बोलियाँ

पू./M = 03

प्राप्तांक

उत्तर : प्रमुख बोलियाँ: मेवाती, मारवाड़ी, मालवी, जयपुरी। ढूंढाणी है।

प्रश्न (1.4) वाच्य किसे कहते है?

पू./M = 03

प्राप्तांक

उत्तर : क्रिया के उस रूपांतर को कहते है जिससे यह जाना जा सके कि वाक्य में कर्ता के विषय में विधान किया गया है या कर्म या भाव के विषय में।
भेद - कर्तृवाच्य, कर्मवाच्य, भाववाच्य

प्रश्न (1.5) वचन किसे कहते हैं?

पू./M = 03

प्राप्तांक

उत्तर :

भेद - एकवचन, द्विवचन, बहुवचन।

प्रश्न 1. इस प्रश्न में 20 अतिलघुत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 20 शब्दों में देना है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 03 (तीन) अंको का है। 3x20=60

प्रश्न (1.6) शासकीय पत्रों की तीन विशेषताएँ? पू./M = 03 प्राप्तांक

उत्तर : → कार्यालयीन भाषा का प्रयोग किया जाता है।
→ औपचारिक पत्र होते है, सरकारी कामकाज, विषय से संबंधित।
→ निश्चित प्रारूप व शैली - व्यक्तिगत भाव निहित नहीं।

प्रश्न (1.7) 'ग' वर्ग की नियमावली? पू./M = 03 प्राप्तांक

उत्तर : राजभाषा नियम, 1976 के तहत 'ग' वर्ग में ऐसे राज्य-क्षेत्र शामिल है, जहां हिन्दी भाषा समझी भी नहीं जाती है। जैसे - दक्षिण भारत राज्य, दमन द्वीव-दादर नागर हवेली, गोवा।

प्रश्न (1.8) विश्व हिन्दी दिवस कब से मनाया जा रहा हैं? पू./M = 03 प्राप्तांक

उत्तर : 14 सितम्बर 1976 से हिन्दी को राजभाषा का दर्जा प्रदान किया गया था। तत्समय से प्रतिवर्ष हिन्दी दिवस मनाया जाता है।

प्रश्न (1.9) अनुच्छेद–210 पू./M = 03 प्राप्तांक

उत्तर : राज्य विधानमंडल में हिन्दी भाषा के प्रयोग संबंधी संवैधानिक प्रावधान निहित है। भाग-6 के अन्तर्गत।

प्रश्न (1.10) वृद्धि स्वर संधि को उदाहरण सहित समझाइए? पू./M = 03 प्राप्तांक

उत्तर : जब ह्रस्व या दीर्घ स्वर अ के पश्चात ए या ऐ प्रयुक्त हो तो ऐ एवं ओ या औ प्रयुक्त हो तो औ बन जाता है।
जैसे = सदा + एव = सदैव, तथा + एव = तथैव

भाग – अ (Part -A)

प्रश्न 1. इस प्रश्न में 20 अतिलघुत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 20 शब्दों में देना है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 03 (तीन) अंको का है। 3x20=60

प्रश्न (1.11) द्विगु समास को उदाहरण सहित लिखें? पू./M = 03

उत्तर : ऐसा समास जिसमें प्रथम शब्द संख्यावाचक संज्ञा होती है, द्विगु समास कहलाता है।
जैसे - पंचवटी, त्रिशंकु, दशावतार आदि।

प्राप्तांक

प्रश्न (1.12) टिप्पण क्यों लिखा जाता है? पू./M = 03

उत्तर : किसी पत्र/सूचना या आदेश पर अपनी राय, जाँच या टिप्पणी करने हेतु टिप्पण किया जाता है।

प्राप्तांक

प्रश्न (1.13) पारिभाषिक शब्दों को उदाहरण सहित लिखें? पू./M = 03

उत्तर : ऐसे शब्द जो विषय विशेष में ही प्रयुक्त होते हैं, पारिभाषिक शब्द कहलाते हैं
- इनका अर्थ, उच्चारण सहित सुनिश्चित होता है।
जैसे - उदारवाद, मुद्रास्फीति, जीवाश्म आदि।

प्राप्तांक

प्रश्न (1.14) तत्सम शब्दों को सउदाहरण लिखें? पू./M = 03

उत्तर : ऐसे शब्द जो संस्कृत भाषा से ज्यों के त्यों ही लिए गए हैं या प्रयुक्त होते हैं।
जैसे - अमूल्य, अंगुलि, आकाश आदि।

प्राप्तांक

प्रश्न (1.15) प्रपत्र किसे कहते हैं? पू./M = 03

उत्तर : एक विशेष छपा हुआ पत्र, जिसके माध्यम से आवेदनकर्ता से जानकारी माँगी जाती है।
जैसे - स्कूल/कॉलेज का आवेदन फार्म आदि।

प्राप्तांक

प्रश्न 1. इस प्रश्न में 20 अतिलघुत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 20 शब्दों में देना है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 03 (तीन) अंको का है। 3x20=60

प्रश्न (1.16) सूरदास की भाषा शैली व ग्रंथों के नाम? पू./M = 03 प्राप्तांक

उत्तर : भाषा शैली - भक्ति भाव युक्त

ग्रंथ - सूरसागर, सारावली, साहित्यलहरी, सूरसागर सार, सूरसागर आदि।

प्रश्न (1.17) 'साहित्य का लक्ष्य मनुष्य है,' कथन किसका हैं? पू./M = 03 प्राप्तांक

उत्तर :

प्रश्न (1.18) खड़ी बोली का प्रथम ग्रंथ कौन सा है और किसने लिखा? पू./M = 03 प्राप्तांक

उत्तर :

प्रश्न (1.19) केन्द्रीय हिन्दी शोध संस्थान कब व कहाँ स्थापित किया गया? पू./M = 03 प्राप्तांक

उत्तर : 1961 में केन्द्रीय हिन्दी शोध संस्थान की स्थापना की गई।
स्थापना - आगरा में।

प्रश्न (1.20) सर्वनाम का प्रयागे क्यों किया जाता हैं? पू./M = 03 प्राप्तांक

उत्तर : संज्ञा के स्थान पर व्यक्तिवाचक या समूहवाचक संदर्भ में सर्वनाम का प्रयोग किया जाता है।

भाग – अ (Part -A)

प्रश्न 2. निम्नलिखित अंग्रेजी वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए। 4x5=20

प्रश्न (2.1) Brahmacharya means the control of all the senses in thought. word and deed. पू./M = 04

उत्तर :

ब्रह्मचर्य का अर्थ है - विचार, शब्द एवं कार्यों में सभी इन्द्रियों पर नियंत्रण है।

प्राप्तांक

प्रश्न (2.2) Coriosity is the natural tendency of man and the enjoyment of pleasure of his in stinctive desire. पू./M = 04

उत्तर : उत्सुकता व्यक्ति की प्राकृतिक प्रवृत्ति होती है एवं

प्राप्तांक

प्रश्न (2.3) Our civilisation is unique in that it offers us the basis of a world wide social order. पू./M = 04

उत्तर : ~~हमारी सभ्यता विश्वव्यापी सामाजिक क्रम का आधार हमें देता~~

हमारी सभ्यता अद्वितीय है कि वह हमें विश्वव्यापी सामाजिक क्रम के आधार का सुझाव देती है।

प्राप्तांक

प्रश्न (2.4) This unification of the world is without parallel in the past. पू./M = 04

उत्तर : दुनिया का एकीकरण अतीत में समांतर के बिना है।

प्राप्तांक

प्रश्न (2.5) Independence of thinking is another rare but throughly important mode of activity. पू./M = 04

उत्तर :

स्वतंत्रता का विचार एक अलग ही दुर्लभ परंतु साथ ही क्रिया का महत्वपूर्ण चरण है।

प्राप्तांक

भाग – अ (Part -A)

प्रश्न 3. निम्नलिखित हिन्दी वाक्यों का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए।

3x5=15

प्रश्न (3.1) मैं (महात्मा गाँधी) हिन्दुस्तान का सेवक हूँ और हिन्दुस्तान की सेवा करने का प्रयत्न कर रहा हूँ।

उत्तर : I (Mahatma gandhi) am a Servant of Hindustan and trying to Serve ~~on~~ ~~Our~~ Hindustan.

पू./M = 03

प्राप्तांक

प्रश्न (3.2) मैंने अपने प्रारम्भिक जीवन में सोचा था, कि हिन्दुस्तान की सेवा मानव सेवा के विरूद्ध नहीं है।

उत्तर : I have thought in my early life that the Service of human is not against ~~Hin~~ the Service of Hindustan.

पू./M = 03

प्राप्तांक

प्रश्न (3.3) आज मैं कह सकता हूँ कि एक राष्ट्र सेवा विश्व–सेवा से कम नही है।

उत्तर : Today I can say that nation Service is not leaser than World Service.

पू./M = 03

प्राप्तांक

प्रश्न (3.4) अस्पृश्यता के विरूद्ध आन्दोल न छेड़ते हुए मैंने अपने को हिन्दुत्व में सीमित नहीं रखा है।

उत्तर : I did not limit to my Self in Hinduism while not to rase a movement against untouchability.

पू./M = 03

प्राप्तांक

प्रश्न (3.5) हम यह स्वीकार करते है, कि आज देश में अनेक प्रकार की बुराइयाँ है।

उत्तर : We do accept that there are many evilness in our Country.

पू./M = 03

प्राप्तांक

भाग – अ (Part -A)

प्रश्न 4. निम्नलिखित गद्यावतरण का एक तिहाई शब्दों में संक्षेपण तथा रेखांकित पंक्ति का पल्लवन करें। 1x15=15

पू./M = 15

प्राप्तांक

प्रश्न 4 (अ) जल का जीवन से बहुत महत्वपूर्ण संबंध है। हमारे शरीर में तीन भाग, पानी का है। उसी प्रकार धरती पर तीन भाग जल का है। जल के कारण हरियाली है और हरियाली से ऑक्सीजन प्राप्त होती है परन्तु आजकल लोग इंडस्ट्रीज तथा रिहायशी भवनों के नाम पर एवं गलत निर्णयों के कारण हरियाली का विनाष कर रहे हैं, तथा जल का धरती से गलत दोहन किया जा रहा है। कहते हैं– "जल ही जीवन है" और "बिन पानी सब सनू " यानी जल के बिना हम जीवन की कल्पना ही नहीं कर सकते। जल के बिना सारी पृथ्वी का पर्यावरण प्रदूषित हो जाएगा तथा पृथ्वी रहने लायक नहीं रहेगी इस कारणवश पृथ्वी मानव विहीन हो जायेगी।

अथवा

प्रश्न 4 (ब) महिलाओं की महती भूमिका के बारे में गाँधी जी ने कहा था, "स्त्रियो के अधिकारों के प्रश्न पर, मैं किसी प्रकार का समझौता करने के लिए तैयार नहीं हूँ। वह तो उनका जन्म सिद्ध अधिकार है। मेरी राय में उनहें किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। स्त्री घर की स्वामिनी है। पुरूष रोटी कमाता है, वह उसे सबको बांटती और खिलाती है। घर का रख–रखाव और बच्चों का पालन करती है। वह राष्ट्रमाता है, यदि वह रक्षा न करें तो सारी मानव जाति नष्ट हो जाए।

उत्तर : संक्षेपण : गाँधीजी स्त्रियों के अधिकार से बिना समझौता किए उसे उनका जन्मसिद्ध अधिकार मानते हैं उनकी राय अनुसार स्त्री घर को संभालती है, वह स्वामिनी ही नही अपितु राष्ट्रमाता भी है।

पल्लवन:

1) स्त्रियों ———— ———— ———— तैयार नही।

↳ गाँधीजी स्त्रियों के अधिकार को प्रमुखता देते हुए कहते है कि इससे उनका सर्वभौमिक विकास होगा। उनके अधिकारों से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। महिलाओं की महत्ता के संदर्भ में उनके अधिकार में असुविधा नही होनी चाहिए।

2) स्त्री घर की स्वामिनी ———— खिलाती है।

↳ स्त्री घर की वास्तविक पालनकर्ता है। जहां एक ओर पुरूष धन अर्जित करने आर्थिक संपन्नता लाता है वही स्त्रियां इसका सदुपयोग कर उसे सभी लोगों में बांटती है एवं लालन पोषण करती है।

भाग – अ (Part -A)

प्रश्न 5. निर्देशनुसार पत्र लेखन किया जाए, अधिकतम शब्द सीमा 100 है । प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। अभ्यर्थी जिस विकल्प का उत्तर लिख रहें हैं उसका स्पष्ट उल्लेख उत्तर के प्रारंभ में अनिवार्यतः करें।

प्रश्न 5 (अ) शासकीय व अर्द्धशासकीय पत्रों को उदाहरण सहित लिखों?

अथवा

प्रश्न 5 (ब) राज्य सचिवालय से प्रदेश के समस्त कलेक्टरों को परिपत्र लिखे जिसमें कोरोना की स्थिति की जानकारी माँगी गई हो?

उत्तर :

परिपत्र

क्रमांक 2A/1B/2021 मध्यप्रदेश शासन दिनांक-11 मार्च 2021
राज्य सचिवालय
भोपाल।

प्रति,
प्रदेश के समस्त कलेक्टर

विषय: कोरोना संबंधी जानकारी प्राप्ति हेतु।

वर्तमान में कोरोना महामारी से भारत सहित समस्त विश्व प्रभावित है। देश में लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या से शासन काफी चिंतित है एवं इस हेतु प्रत्येक स्तर पर सावधानी भी बरती जा रही है। इसी संदर्भ में राज्य के प्रत्येक जिले में कोरोना की वर्तमान वास्तविक जानकारी हेतु परिपत्र के माध्यम से मांगी जा रही है। जिलेवार जानकारी व स्थिति जिसमें स्वास्थ्य सुविधा, मरीजों की रिकवरी रेट, मृत्यु संख्या संबंधी शामिल होनी चाहिए। इस जानकारी से स्थानीय स्तर पर महामारी रोकथाम में आसानी होगी व कार्यक्रमों का भी संचालन बेहतर ढंग से हो सकेगा।

प्रश्न 5. निर्देशनुसार पत्र लेखन किया जाए, अधिकतम शब्द सीमा 100 है । प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। अभ्यर्थी जिस विकल्प का उत्तर लिख रहें हैं उसका स्पष्ट उल्लेख उत्तर के प्रारंभ में अनिवार्यतः करें। 1x15=15

प्रश्न (5) Continued (जारी)

पू./M = 15

प्राप्तांक

हस्ताक्षर

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं — संयुक्त सचिव

आवश्यक कार्यवाही हेतु: — मध्यप्रदेश सरकार

- सचिव, राज्यपाल, मध्यप्रदेश
- मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश सरकार
- सभी शासन सचिव

भाग – अ (Part -A)

प्रश्न 6. अंग्रेजी / हिन्दी परिभाषिक शब्दों को हिन्दी / अंग्रेजी में अनुवाद करें? (कोई–5) 3x5=15

प्राप्तांक

| Sr. No. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 1 | Guilt | अपराध |
| 2 | Holograph | |
| 3 | Convict | |
| 4 | Arrears | |
| 5 | Brevity | संक्षिप्तता |
| 6 | विधिक दावा | |
| 7 | घोषणा पत्र | Declaration letter |
| 8 | विलयन | Sollution |
| 9 | पालन | |
| 10 | मानक | Standand |

प्रश्न 7. निम्नलिखित कहावतों / मुहावरों में से किन्हीं पाँच का अर्थ स्पष्ट करते हुए उनका वाक्यों में प्रयोग करें : 3x5=15

प्रश्न (7.1) कलेजे पर साँप लोटना

उत्तर : अर्थ - जलन होना

प्रयोग - प्रिया की सरकारी नौकरी लगने पर उसकी सहपाठी नेहा के कलेजे पर जैसे साँप ही लोट गया।

पू./M = 03

प्राप्तांक

प्रश्न (7.2) मुढ़ गरम करना

उत्तर :

पू./M = 03

प्राप्तांक

प्रश्न (7.3) काँटो में खींचना

उत्तर : अर्थ - मुसीबत में डालना।

प्रयोग - मीडिया कई बार संवेदनशील बातों का बाहुल प्रसारण कर कई लोगों को काँटो में खींच देता है।

पू./M = 03

प्राप्तांक

प्रश्न (7.4) ओस का मोती होना

उत्तर :

पू./M = 03

प्राप्तांक

प्रश्न (7.5) जैसे साँपनाथ वैसे नागनाथ

उत्तर :

पू./M = 03

प्राप्तांक

भाग – अ (Part -A)

प्रश्न 7. निम्नलिखित कहावतों / मुहावरों में से किन्हीं पाँच का अर्थ स्पष्ट करते हुए उनका वाक्यों में प्रयोग करें :

पू. / M = 03 प्राप्तांक

प्रश्न (7.6) कलाई खुलाना

उत्तर : अर्थ - भेद खुल जाना।
प्रयोग - निगम के सामने सुशील की शादी की बात पता लगने पर उसकी कलाई ही खुल गई।

पू. / M = 03 प्राप्तांक

प्रश्न (7.7) अल्लाह मियाँ की गाय

उत्तर :

पू. / M = 03 प्राप्तांक

प्रश्न (7.8) कलम का धनी

उत्तर : अर्थ - बुद्धिमान / शिक्षित होना।
प्रयोग - एक कलम का धनी व्यक्ति ही किसी मुद्दे पर अपने गहन विचार रख सकता है।

पू. / M = 03 प्राप्तांक

प्रश्न (7.9) आँखे तरेरना

उत्तर : अर्थ - जानने का इच्छुक होना।
प्रयोग - सोनम का बारहवी का परीक्षा परिणाम आने पर उसके माता पिता उसकी आँखे तरेरने लगे।

पू. / M = 03 प्राप्तांक

प्रश्न (7.10) कूप मण्डूक होना

उत्तर :

भाग – अ (Part -A)

प्रश्न 8. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के उत्तर दीजिए– 3x5=15

प्राप्तांक

| Sr. No. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 1 | प्रत्यर्पण में संधि? | प्रति + अर्पण<br>= यण संधि |
| 2 | बहुरूपयोगी में संधि–विच्छेद? | |
| 3 | शारदा का समास विग्रह? | |
| 4 | गुरु दक्षिणा में समास? | गुरु की दक्षिणा<br>= तत्पुरुष समास<br>(संबंध कारक) |
| 5 | अनल–अनिल का अर्थ? | अनल – आग, अग्नि<br>अनिल – वायु, पवन, हवा |
| 6 | कपूर का पर्यायवाची? | |
| 7 | माया का विलोम? | वैराग्य / संन्यास |
| 8 | ज्येष्ठ का तद्‌भव? | |
| 9 | निर्देशक चिह्न सोदाहरण? | चिन्ह (–):<br>अम्लवर्षा – पर्यावरण<br>प्रदूषण का प्रमुख कारण है। |
| 10 | चमन का संधि विच्छेद? | |

भाग – अ (Part -A)

3x5=15

प्रश्न 9. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

पू./M = 03

प्राप्तांक

प्रश्न 9 (अ) कई लागे समझते है कि अनुशासन और स्वतंत्रता में विरोध है, किन्तु वास्तव में यह भ्रम है। अनुशासन के द्वारा स्वतंत्रता छिन नहीं जाती, बल्कि दूसरों की स्वतंत्रता की रक्षा होती है। सड़क पर चलने के लिए हम लोग स्वतंत्र है। हमें बायी तरफ से चलना चाहिए किन्तु चाहें तो हम बीच में भी चल सकते है। इससे हम अपने ही प्राण संकट में डालते है, दूसरों की स्वतंत्रता भी छीनते हैं विद्यार्थी भारत के भावी निर्माता है उन्हें अनुशासन के गुणों का अभ्यास अभी से करना चाहिए।

(i) हम सड़क पर चलते हुए अपने प्राण सकंट में कैसे डालते है?

(ii) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए?

(iii) सड़क पर हमें किस ओर चलना चाहिए?

(iv) भारत के भावी निर्माता कौन है?

(v) विद्यार्थी भारत के सच्चे सपूत कैसे बनेंगें?

**अथवा**

प्रश्न 9 (ब) मनुष्य का जीवन बहुत संघर्षमय होता है। उसे पग–पग पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। फिर भी ईश्वर के द्वारा जो मनुष्य रूपी वरदान की निर्मिति इस पृथ्वी पर हुई है मानों धरती का रूप ही बदल गया है। यह संसार कर्म करने वाले मनुष्यों के आधार पर ही टिका हुआ है। देवता भी उनसे ईर्ष्या करते हैं। मनुष्य अपने कर्मः बल के कारण श्रेष्ठ है। धन्य है, मनुष्य का जीवन।

(i) उपयुक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए?

(ii) इस गद्यांश के अनुसार, मनुष्य का जीवन कैसा होता है?

(iii) इस गद्यांश के अनुसार, पग–पग में कौन –सा समास है?

(iv) इस गद्यांश के अनुसार, देवता किससे ईर्ष्या करते है?

(v) इस गद्यांश के अनुसार, मनुष्य क्यों श्रेष्ठ है?

भाग – अ (Part -A)

प्रश्न 9. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

कई लोग —

उत्तर (i): सड़क पर चलते समय बायीं ओर से न चलकर जब हम सड़क के बीच में से चलते हैं, तब अपने ही प्राण संकट में डाल लेते है व साथ ही दूसरों की स्वतंत्रता भी छीन लेते हैं।

पू./M = 03

प्राप्तांक

उत्तर (ii): गद्यांश का उचित शीर्षक –
↳ 'जीवन में अनुशासन'

पू./M = 03

प्राप्तांक

उत्तर (iii): हमें सड़क पर सदैव बांयी तरफ चलना चाहिए। यह अनुशासन दूसरों की स्वतंत्रता की रक्षा करता है एवं साथ ही स्वयं के प्राणों की भी रक्षा करता है।

पू./M = 03

प्राप्तांक

उत्तर (iv): भारत के भावी निर्माता विद्यार्थी है उन्हे अनुशासन के अनुशासन के गुणों का अभ्यास अभी से करना चाहिए ताकि देश के विकास में योगदान दे सके।

पू./M = 03

प्राप्तांक

उत्तर (v): जब विद्यार्थी अनुशासित जीवन की राह पर चलेगे तभी वे भारत के सच्चे सपूत बनेगे एवं लोगों की स्वतंत्रता की रक्षा करेगे। वे भावी निर्माता है।

पू./M = 03

प्राप्तांक

भाग – अ (Part -A)

प्रश्न 10. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत कीजिए। अधिकतम शब्द सीमा 150 है। प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। अभ्यर्थी जिस विकल्प का उत्तर लिख रहें हैं उसका स्पष्ट उल्लेख उत्तर के प्रारंभ में अनिवार्यतः करें। 1x15=15

प्रश्न 10 (अ) हाल ही में हुए किसी दीक्षांत समारोह में प्रतिवेदन लिखें?

अथवा

प्रश्न 10 (ब) जहरीली शराब काण्ड पर प्रतिवेदन लिखे?

उत्तर :

प्रतिवेदन

दिनांक - 11 मार्च 2021

क्रमांक 10A/12/2021

विषय - जहरीली शराब काण्ड के संदर्भ में।

हाल ही में मध्यप्रदेश राज्य के एक जिले में एक दुःखद घटना सामने आई है। इस जिले की एक शराब की दुकान से शराब सेवन करने के पश्चात लगभग 20 लोगों की मृत्यु एवं 30 से 35 लोग अस्पताल में भर्ती हैं। इस घटना की जाँच हेतु गठित समिति ने बताया है कि शराब में जहरीला तत्व की मौजूदगी होने से यह घटना घटी है एवं व्यापक जनहानि हुई। इस संदर्भ में सर्वप्रथम उस दुकान के ठेकेदार व संबंधित लोगों से जाँच पड़ताल की गई है। जिससे कि उन लोगों ने जहरीली शराब के संबंध में अपनी सफाई दी।

इस घटना की जाँच में अभी तक कोई पुख्ता सबूत हासिल नहीं हुए हैं परन्तु संबंधित दोषियों की छानबीन जारी है। साथ ही जिले व आसपास के इलाकों में भी जाँच की जा रही है।

भाग – अ (Part -A)

प्रश्न 10. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत कीजिए। अधिकतम शब्द सीमा 150 है। प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। अभ्यर्थी जिस विकल्प का उत्तर लिख रहें हैं उसका स्पष्ट उल्लेख उत्तर के प्रारंभ में अनिवार्यतः करें।

प्रश्न (5) Continued (जारी)

पू./M = 15

प्राप्तांक

जिससे संबंधित प्रमुख बिन्दुओं की प्रतिलिपि के दस्तावेज इसमें शामिल है।

प्रतिलिपि सूचनार्थ हस्ताक्षर

- राज्य शासन ~~सचिव~~ अ ब स
- जिला कलेक्टर
- ए.सपी., डीएसपी अधिकारी